

# सीएम आज जन्मदिन पर बाबा महाकाल का लेंगे आशीर्वाद

**उज्जैन ।** मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज जन्मदिन है बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने के लिए वे आज उज्जैन पहुंचेंगे। भाजपा नेता कार्यकर्ताओं ने सीएम के स्वागत की जमकर तैयारियां की हैं। नगर भाजपा के नेता कार्यकर्ताओं ने सीएम डॉ. यादव के स्वागत की तैयारी की है। पूरा उज्जैन होर्डिंग और फ्लेक्स से पाट दिया गया है। जगह-जगह स्वागत के मंच लगाए जा रहे हैं।

नवभारत से चर्चा में श्री पूर्णिमा श्री सेवा संगठन के संयोजक और भाजपा नेता सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि कालिदास अकादमी के मुख्य मंच पर सीएम डॉ. यादव का स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। दिल से कहो अपने मोहन जी है ना नामक एक अभियान भी लगातार उज्जैन में चल रहा था। जिसमें 100 से अधिक स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए गए थे। गरीब और मध्यम परिवार के लोगों को जांच शिविर में नि:शुल्क इलाज किया गया कई बड़े ऑपरेशन किए गए हजारों मरीजों को स्वास्थ्य शिविर में लाभ मिला, इसी शिविर का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समापन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार की शाम 5 बजे कालिदास अकादमी में पहुंचेंगे और यहां पर उन मरीजों के साथ स्वल्पाहार करेंगे, संवाद करेंगे, जो दिल से कहो अपने मोहन जी है ना नामक अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का लाभ ले चुके हैं एवं नि:शुल्क जांच और इलाज करवा चुके हैं। कई मरीजों को उज्जैन के अलावा दूसरे शहर भी भेजा गया। जिसमें इंदौर और देवास में भी इलाज हुआ। अमलतास और अरविंदो हॉस्पिटल से स्वस्थ होकर पुन: कई मरीज घर लौटे, जिसमें दिल के छेद वाले वरिष्ठ भी शामिल है। कई मरीजों को पता ही नहीं था कि वह



तमाम तरह की बीमारी साथ में लेकर घूम रहे हैं। जब नि:शुल्क जांच शिविर में उनकी जांच की गई तो कई गंभीर बीमारियां पाई गई। ऐसे में उनका नि:शुल्क इलाज किया गया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उनके अनुभवों को सुनकर संवाद करेंगे।

दरअसल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जन्मदिन पर महाकाल की नगरी उज्जैन पहुंचेंगे और बाबा महाकाल का दर्शन करने के साथ ही संतो से भी संवाद करेंगे। सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर जो विकास कार्य चल रहे हैं। निर्माण कार्य चल रहे हैं उसकी तैयारी को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज और महामंत्री हरि गिरि महाराज के साथ भी साझा किया जाएगा और संतों से सुझाव भी लिए जाएंगे। साथ ही उज्जैन प्रेस क्लब के अध्यक्ष नंदलाल यादव कार्यकारी अध्यक्ष विशाल हाड़ा और कोषाध्यक्ष भूपेंद्र भूतड़ा के साथ ही सभी पत्रकारों द्वारा होली मिलन समारोह भी रखा गया है और यहां भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। इधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के अवसर पर गौ सेवा एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय श्री महालक्ष्मी सेवा संस्था परिवार द्वारा ग्राम चंदेसरी में तुलसी गौशाला (देसी गोसंवर्धन) का शुभारंभ आज 25 मार्च को प्रात: 11 बजे किया जाएगा। यह इस संस्था द्वारा संचालित दूसरी गौशाला होगी।

संस्था का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर भटक रही निराश्रित एवं असहाय गौमाताओं को सुरक्षित आश्रय प्रदान करना है। इसके तहत गौवंश को कसाईखानों, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य खतरों से बचाकर उचित संरक्षण, भोजन और चिकित्सकीय देखभाल उपलब्ध कराई जाएगी। संस्था ने कुल 1000 गौमाताओं को सुरक्षित आश्रय देने का लक्ष्य रखा है और इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम प्रात: 11 बजे पूजन-पाठ एवं गौ माता के आगमन के साथ प्रारंभ होगा। आयोजन के दौरान अमुक जल सेवा योजना, जीव दया पशु-पक्षी आहार योजना और स्वरोजगार योजना की जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही जीव दया पात्र की जानकारी एवं आगामी पंचकोशी यात्रा सेवा शिविर की प्री-मीटिंग भी आयोजित की जाएगी।

### महाकाल मंदिर में पूजन और ध्वजा अर्पित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन पर बाबा महाकाल को ध्वज अर्पित कर मंदिर परिसर पर लगाया जाएगा और विशेष भोग भी लगाया जाएगा। इसके लिए समाजसेवियों ने मंदिर में बुकिंग भी कराई है। समाजसेवी महेश परियानी ने बताया कि महाकाल मंदिर में सुबह 10.30 बजे धार्मिक परंपरा रीति रिवाज जो मंदिर में होता है। उसी अनुसार पूजन कराएंगे। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जन्मदिन पर पूजन कर महाकाल का प्रसाद भक्तों में वितरित किया जाएगा।

# खरीदारी कर लौट रहे दंपती का एक्सीडेंट, पति की मौत

**उज्जैन। निपानिया गोयल में देर शाम दो बाइक में हुई आमने सामने की भिड़ंत में एक बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई और उसकी पत्नी घायल हुई है। दूसरी बाइक पर सवार पति-पत्नी को चोट नहीं आई है।**

घट्टिया तहसील के ग्राम निपानिया गोयल में रहने वाला कपिल पिता राम सिंह कुशवाहा 35 वर्ष पत्नी रीना के साथ सोमवार शाम खरीदारी करने के लिए उज्जैन आया था जहां से देर शाम दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। घर से कुछ दूर मोड पर जैसे ही कपिल ने बाइक मोड़ी सामने से आ रही बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। कपिल और उसकी पत्नी गिरकर गंभीर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए उज्जैन लाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने कपिल को मृत घोषित कर दिया। पत्नी रीना को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। मंगलवार सुबह पुलिस द्वारा कपिल का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले में घटिया थाना पुलिस द्वारा दुर्घटना का मामला दर्ज किया गया है।

### अस्पताल में भर्ती घायल वृद्ध की हुई मौत

ग्राम मड़ावदिया उन्हेल में रहने वाले दुर्गालाल पिता बगदीराम 70 साल को घायल हालत में परिजन उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां रात में दुर्गालाल की मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि गांव में ही पैदल घर लौटते समय कार ने टक्कर मारी थी।

# बड़नगर पुलिस ने देशी-कच्ची शराब के साथ 5 युवकों को पकड़ा, दो सगे भाई

- गिरफ्त में आए युवक कार और बाइक से निकले थे ठिकाने लगाने

**उज्जैन।** अवैध शराब परिवहन के मामले में दो थानों की पुलिस ने 5 युवको को गिरफ्तार किया है। जिसमें दो भाई शामिल है। भाइयों के पास कार और युवकों के पास से बाइक जब्त की गई है। बड़नगर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान रात में रुनिजा ब्रिज के पास बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार को रोका, जिसमें दो युवक सवार थे।

पूछताछ करने पर युवकों ने अपने नाम दिलीप पिता पीरुलाल परमार 22 साल और लखन पिता पीरुलाल परमार 40 साल निवासी निवासी ब्राह्मण बड़ोदा थाना इंगोरिया होना बताए। दोनों सगे भाई थे पुलिस ने उनकी कार की तलाशी ली तो उसमें से 20 लीटर की कच्ची जहरीली शराब से भारी केन बरामद होगी। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार के अनुसार 5 लाख कीमत की कार जब्त कर दोनों भाइयों को जहरीली शराब के साथ थाने लाया गया। जहां उनके खिलाफ अवैध शराब मामले का प्रकरण आबकारी अधिनियम में दर्ज किया गया। दोनों को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया है। दोनों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि अपराधिक प्रवृत्ति के हैं। पूर्व में उनके खिलाफ उन्हेल पुलिस द्वारा डीजल चोरी का प्रकरण भी दर्ज किया गया था।

ऐसे ही बिरलाग्राम थाना पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र खाचरौद मार्ग स्थित उमरनी रेलवे फाटक के पास दबिश देखकर बाइक से शराब सप्लाई करने आए दो युवकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 7 पेटी देशी शराब के साथ बाइक कीमत 1.15 लाख जब्त की गई। युवकों ने पूछताछ में अपने नाम बलराम पिता शांतिलाल 25 वर्ष निवासी ग्राम नावटिया और धर्मेन्द्र पिता सज्जनसिंह 26 वर्ष निवासी ग्राम उमरना बताए दोनों पूर्व में शराब ठेके पर काम करने वाले महेंद्र सिंह पिता कालू सिंह निवासी ग्राम बेड़ावनिया से ठिकाने लगाने के लिए लेकर आए थे। पुलिस ने महेंद्र को भी आरोपी बनाकर उसे गिरफ्तार किया है।

### जिले में बढ़ी तस्करी

आबकारी विभाग और पुलिस दो निरंतर जांच अभियान चलाकर चैकिंग कर रहे हैं फिर अवैध शराब की तस्करी पर रोक नहीं लग पा रही है। इसका कारण बाहरी रास्तों पर कोई रोक नहीं है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बनी नवीन सड़कों के माध्यम से भी यह तस्करी की जा रही है। अभी शहर में अनेक सड़कें ऐसी हैं जो कि ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी हुई हैं जहां पर किसी प्रकार की नाकेबंदी नहीं है।

# दंगल में विवाद : यूट्यूबर को मारे चाकू

**उज्जैन। खंडवा के यूट्यूबर को बीती रात बड़नगर में आयोजित दंगल के दौरान चाकू मार दिए गए। यूट्यूबर अपने साथी पहलवान के साथ दंगल में आया हुआ था। साथी ने दूसरे पहलवान को चित्त कर दिया था। इसी बात पर विवाद होना बताया जा रहा है।**


चरक अस्पताल में भर्ती अल्ताफ पिता मजीद 36 साल निवासी खण्डवा यूट्यूबर है और वह प्रदेशभर में होने वाले कुश्ती के आयोजनों को अपने मोबाइल से कैद कर वीडियो बनाता है। सोमवार को बड़नगर में दंगल का आयोजन रखा गया था जिसमें इंटरनेशनल पहलवान भी आए थे। अल्ताफ खण्डवा के ही रहने वाले अपने साथी पहलवान राजेश प्रजापति के साथ पहुंचा था। राजेश का मुकाबला महू के रहने वाले ललित कौशल से हुआ। जिसमें राजेश ने ललित को चित्त कर दिया। इसी बात को लेकर ललित के साथ आए देपालपुर के रहने वाले अनुराग, श्रवण, रोहित और अन्य ने विवाद शुरू किया। राजेश के समर्थन में अल्ताफ ने बीच बचाव किया। इस बीच मामला शांत हो गया। लेकिन रात 12 बजे दंगल खत्म होने के बाद सभी आयोजन स्थल से लौट रहे थे। उसी दौरान अल्ताफ पर हारे पहलवान ललित के साथियों ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर घायल होने पर अल्ताफ को रात में ही बड़नगर से उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया है। मामले में पुलिस द्वारा घायल के बयान दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई है।

## एक नजर में

### टेपा मीडिया सम्मान पत्रकार भूपेन्द्र भूतड़ा को

**उज्जैन।** एक अप्रैल अंतर्राष्ट्रीय मूर्ख दिवस पर कालिदास अकादमी में आयोजित होने वाले मालवा की हास्य व्यंग्य संस्कृति को समर्पित, 53 वें अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन में पत्रकार नितिन चावड़ा, राजेश पांचाल, भूपेंद्र भूतड़ा, राहुल यादव और अवनी कोठारी को टेपा मीडिया सम्मान प्रदान किए जाएंगे। टेपा सम्मेलन के सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि प्रख्यात समाजसेवी स्व. लाला अमरनाथ और टेपा सम्मेलन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शिव शर्मा की स्मृति को समर्पित 53 वें टेपा सम्मेलन में मीडिया को प्रदान किये जाने वाले सम्मान के अंतर्गत मानसिंह बैस स्मृति टेपा मीडिया सम्मान प्रसिद्ध पत्रकार नितिन चावड़ा को प्रदान किया जायेगा। पत्रकार स्व. सत्यनारायण गोयल स्मृति सम्मान वरिष्ठ पत्रकार राहुल यादव को प्रदान किया जा रहा है। एडवोकेट ज्ञानस्वरूप श्रीवास्तव स्मृति सम्मान ख्यात पत्रकार भूपेंद्र भूतड़ा नवभारत को प्रदान किया जाएगा। स्व. कन्हैयालाल भूतड़ा स्मृति सम्मान राजेश पांचाल को प्रदान किया जा रहा है। स्व. आरक्षक आशा बैस स्मृति टेपा सम्मान पॉडकास्टर अवनी कोठारी को दिया जा रहा है। टेपा सम्मेलन में फिल्म धुरंधर-2 फेम कामेडियन प्रख्यात हास्य अभिनेता राकेश बेदी आकर्षण का केंद्र होंगे। टेपा स्वागत गीत-नृत्य से शुभारंभ और टेपा वार्षिक रपट जारी की जाएगी। कवियों के कांव कांव सम्मेलन सहित, स्थानीय टेपा अतिथियों पर प्रशस्ति वाचन और टेपा चिल्मी मुकदमे भी चलाये जायेंगे।










### पूर्व सैनिकों ने क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** उज्जैन संभाग पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा अमर क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मगरमुहा स्थित भगतसिंह आजाद बालोद्यान में सोमवार शाम 5.30 बजे पूर्व सैनिक साथियों ने देश के इन महान क्रांतिकारियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान को याद किया। संगठन के सचिव रवि प्रताप सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने वीर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त सूबेदार कमल सोनी, उपाध्यक्ष हवलदार मुकेश कुमार मोयल और सचिव हवलदार रवि प्रताप सिंह भदोरिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में संगठन के सदस्य हवलदार सवाई सिंह शेखावत, आनरेरी लेफ्टिनेंट सूबेदार मेजर प्रकाश गोडबोले, आनरेरी सूबेदार मेजर मुकेशचंद्र सोनी, सूबेदार एसएन श्रीवास्तव, सूबेदार तेजप्रताप यादव, हवलदार लाखन सिंह जादौन, हवलदार जुगल किशोर जोशी और मास्टर पृथ्वी मोयल उपस्थित थे।

### ईद मिलन समारोह में भाईचारे का दिया संदेश

**उज्जैन।** ईद-उल-फितर के अवसर पर शहर काज़ी खलीकुर्रेहमान के निवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के कई राजनीतिक, सामाजिक एवं समाजसेवी लोग शामिल हुए और एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। शहर काज़ी खलीकुर्रेहमान ने अपने संबोधन में कहा कि रमजान माह में 30 दिनों तक इबादत करने के बाद मुस्लिम समाज द्वारा ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाता है। यह पर्व समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि मीठी ईद के इस पावन अवसर पर सभी धर्मों के लोगों के बीच इसी प्रकार प्रेम और मिठास बनी रहे तथा सभी मिलजुलकर शहर के विकास में योगदान दें। इसी उद्देश्य के साथ ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि वे सभी धर्मों के कार्यक्रमों में समान रूप से भागीदारी निभाएंगे और शहर में आपसी सद्भाव बनाए रखेंगे।

# वार्षिक आमसभा 5 अप्रैल को

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की वार्षिक आमसभा 5 अप्रैल रविवार को उज्जैन के माधव क्लब मीटिंग हॉल में आयोजित होने जा रही है। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक महंत चूड़ामणि साहब ने उज्जैन पहुंचकर आयोजन स्थल का अवलोकन किया।

महंत चूड़ामणि साहब ने प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय के साथ कार्यक्रम स्थल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचें, इसके लिए एक प्रभावी रूपरेखा तैयार की जाए। साथ ही, सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को इस वार्षिक आमसभा में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है। इस आमसभा की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहब करेंगे। महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव महंत डॉ. धर्मवीर साहब, पटना, बिहार द्वारा जारी सूचना के अनुसार, आमसभा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक फ्रीगंज तीन बत्ती चौराहा से रेलवे स्टेशन रोड स्थित माधव क्लब मीटिंग हॉल में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं का जिम्मा प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय और अन्य पदाधिकारी गण संभाल रहे हैं। आयोजन से संबंधित अधिक जानकारी या संपर्क के लिए सत्यनारायण मालवीय और महंत राधा किशन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सीईओ जिपं ने की विभिन्न मामलों में जनसुनवाई

- प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए

**उज्जैन।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कुमट ने मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

बड़नगर तहसील के ग्राम इंगोरिया निवासी दिनेश चंद्र पोरवाल ने आवेदन दिया कि गांव में उनके स्वामित्व की कृषि भूमि के राजस्व रिकार्ड में दर्ज विवरण के अनुसार खसरे के कॉलम नं. 12 में जिला सहकारी भूमि विकास बैंक मर्यादित का बंधक बकाया आ रहा है। इसे वे समझौते के तहत जमा करवाना चाहते हैं। अत: भूमि के बंधक को मुक्त करने की कार्रवाई की जाए।



इस पर एलडीएम और अधीक्षक भू अभिलेख को समय सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। फ्रीगंज निवासी राजा संगत ने आवेदन दिया कि उनके पिता नगर पालिका निगम में काफी वर्षों से सेवारत थे। उनका सेवा में रहते हुए आकस्मिक निधन हो गया है। अत: प्रार्थी को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करे की जाए। इस पर नगर निगम आयुक्त को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। महिदपुर तहसील के ग्राम राघवी निवासी संतोष सिंह पिता रघु सिंह ने आवेदन दिया कि उनके द्वारा ग्राम खेड़ा खजुरिया में स्थित कृषि भूमि क्रय कर नियमानुसार रजिस्ट्री करवाई गई थी। इसके पश्चात नामांतरण के पूर्व बटवारे के लिए उन्होंने आवेदन दिया कि जमीन की फर्द बनाई जाए परंतु राजस्व निरीक्षक द्वारा आज दिनांक तक कृषि भूमि की बटवारा फर्द प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस पर तहसीलदार महिदपुर को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### पट्टे की जमीन पर किया जबरन कब्जा

नानाखेड़ा निवासी शांति बाई ने आवेदन दिया कि कुछ वर्ष पूर्व उन्हें व उनके पति के संयुक्त नाम से आवासीय पट्टा प्रदान किया गया था। उन्होंने पूरी जमीन पर मकान का निर्माण नहीं कराते हुए कुछ जमीन छोड़ दी थी। उस हिस्से पर एक व्यक्ति के द्वारा जबरन कब्जा कर भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस वजह से उन्हें बहुत परेशानी हो रही है तथा अनावेदक का विरोध करने पर उन्हें धमकी दी जा रही है। इस पर आयुक्त नगर निगम को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# 5 दिवसीय नि :शुल्क दर्द रहित फिजियो केयर शिविर शुरू

**उज्जैन।** श्री धन्वन्तरी आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं शोध केंद्र न्यास उज्जयिनी तथा कॉटन मर्चेंट शैक्षणिक एवं परमार्थिक न्यास माधव गौशाला परिसर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार से विशाल 5 दिवसीय %नि:शुल्क दर्द रहित फिजियो केयर शिविर% का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 28 मार्च तक शहर के बम्बाखाना, लखेरवाड़ी स्थित पुराना कालिदास मॉन्टेसरी स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा।

शिविर का विधिवत उद्घाटन ख्यात यूरो सर्जन डॉ. पुनीत महाडिक ने भगवान धन्वंतरि का पूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात अभिषेक सावेरकर ने श्री धन्वंतरि वंदना प्रस्तुत की।

मुख्य अतिथि डॉ. पुनीत महाडिक ने अपने उद्बोधन में शिविर में किए जा रहे कार्यों की बहुत सराहना की। इसके पश्चात संस्था का विस्तृत परिचय शिविर संयोजक डॉ. दिनेशचन्द्र शाह ने दिया। माणकलाल गिरिया और न्यास के अध्यक्ष वैद्य अजयकुमार सावेरकर ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। शुभारंभ अवसर पर राकेश बनवट और मंडी के अशोक राणा सहित लगभग 50 से 60 गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संचालन कैलाशचन्द्र जैन ने किया। यशवंत जैन ने आभार व्यक्त किया।



### इन बीमारियों का हो रहा नि :शुल्क उपचार

.शिविर में अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी मशीनों के माध्यम से कंधे का दर्द, घुटनों का दर्द, कमर का दर्द, गर्दन का दर्द, लकवा और कम्पवात जैसी समस्याओं का नि :शुल्क उपचार किया जा रहा है। जांच और परामर्श के लिए विशेषज्ञ डॉ. दिनेशचन्द्र शाह, डॉ. अहाना शर्मा और डॉ. सतीश पण्डोरिया विशेष रूप से सेवाएं दे रहे हैं।

# राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण को समर्पित काव्य अनुष्ठान आज

- जुटेंगे देशभर के ख्यात कवि, डॉ. अर्पण भारद्वाज होंगे मुख्य अतिथि

**उज्जैन।** प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन द्वारा राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल को समर्पित काव्य अनुष्ठान का आयोजन आज 25 मार्च बुधवार को किया जा रहा है। यह आयोजन शाम 6 बजे से सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के शलाका हॉल में होगा।

कवि संगम की अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य राजेश सिंह कुशवाह करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज उपस्थित रहेंगे। संचालन कवि दिनेश दिग्गज करेंगे। इस काव्य यज्ञ में वीर रस के कवि और भारत माता की आरती के रचयिता देवकृष्ण व्यास, दर्द शुजालपुरी, गीतकार शैलेन्द्र मधुर प्रयागराज, हास्य कवि डॉ. राजेंद्र गट्टानी भोपाल, हर रंग के कवि अशोक भाटी उज्जैन, मंजू कटारे ललितपुर उत्तर प्रदेश, ख्यात आशुकवि नरेन्द्र सिंह अकेला और हास्य कवि मुकेश मासूम खातेगांव अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश के निदेशक डॉ. विकास दवे और प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन के निदेशक मुकेश जोशी ने सभी काव्य रसिकों एवं सुधीजनों से इस आयोजन में पधारकर कविताओं व गीतों का आनंद लेने का आग्रह किया है।

# शिप्रा में युवक के कूदने की आशंका

**उज्जैन। शिप्रा नदी स्थित ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज पर कार खड़ी मिलने के बाद ड्राइवर के नदी में कूदने की आशंका जताई गई जिसकी तलाश में रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। लेकिन मंगलवार शाम तक युवक का कुछ पता नहीं चल पाया।**

जीवाजीगंज थाना पुलिस ने बताया कि सोमवार देर शाम सूचना मिली थी कि ऋणमुक्तेश्वर मंदिर के समीप ब्रिज से एक युवक ने नदी में छलांग लगाई है, जो ड्राइवरी करता था उसकी कार ब्रिज पर खड़ी हुई है। ड्राइवर युवक का नाम अनिल सोलंकी निवासी मोहन नगर होना सामने आया। कार में उसका मोबाइल और चप्पल भी मिले हैं चाबी कार में ही लगी हुई थी। उसके नदी में कूदने की आशंका में तलाशी अभियान शुरू किया गया। वहीं मंगलवार को होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को भी रेस्क्यू के लिए बुला लिया गया। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम तक युवक का कुछ पता नहीं चल पाया था। घटना की जानकारी मिलने पर अनिल की पत्नी कोमल सोलंकी मौके पर पहुंचीं।

उन्होंने बताया कि वह इंदौर में थीं और परिवार से सूचना मिलने के बाद पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। उनके अनुसार अनिल बिना बताए घर से निकले थे। परिजनों के मुताबिक अनिल पर किसी प्रकार का कर्ज या विवाद नहीं था। अचानक लापता होने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

अभिनेत्री पहुंची... शिखर के बाहर खड़े होकर कराया फोटो सेशन

# फिल्म अभिनेत्री सिमरत कौर ने लिया महाकाल का आशीर्वाद

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में प्रतिदिन नेता और अभिनेताओं का आगमन होता है। वहीं कुछ भक्त ऐसे भी आते हैं जो कि चांदी और सोना आदि के आभूषण दान में देकर जाते हैं। जिनका महाकाल मंदिर समिति सम्मान भी करती है। वहीं नेता सुख समृद्धि के लिए तो अभिनेता या अभिनेत्री अपनी फिल्मों की सफलता के लिए दर्शन करने आते हैं।

इसी क्रम में फिल्म गदर-2 की अभिनेत्री सिमरत कौर मंगलवार को उज्जैन आई। उन्होंने यहां भगवान महाकाल के दर्शन किए। वे सुबह मंदिर पहुंची और गर्भगृह के बारह से आशीर्वाद लेकर नंदी हाल में बैठकर उन्होंने पूजन-अर्चन किया। सिमरत कौर ने कहा कि यह उनका महाकाल दर्शन का दूसरा मौका है। यहां आकर उन्हें ऊर्जा मिलती है और आध्यात्मिक अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल जी के आशीर्वाद से ही फिल्म गदर-2 और बंगाल फाइल्स में काम करने का मौका मिला और प्रसिद्धि भी प्राप्त हुई। दर्शन के बाद सिमरत कौर ने मंदिर परिसर में शिखर के साथ फोटो सेशन भी कराया। समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने उनका स्वागत किया।



### महाकाल के दरबार में पहुंची भाग्यश्री न्हालवे

उज्जैन। सोनी टीवी के प्रसिद्ध धारावाहिक पुण्यश्लोक अहिल्याबाई में महारानी अहिल्याबाई होलकर की भूमिका निभाने वाली मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री न्हालवे ने अपने पति उदय कुंदप के साथ भगवान महाकाल के दर्शन कर दुग्धाभिषेक किया। भाग्यश्री न्हालवे ने अभिनेता अजय देवगन के साथ तानाजी द अनसंग वॉरियर के अलावा तुझ माझा ऑरेंज मैरेज जैसी प्रस्तुतियों में अपने उत्कृष्ट अभिनय से दर्शकों के बीच एक खास पहचान बनाई है।